तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 29 अप्रैल 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 स्वीप गतिविधियों के प्रतिभागियों को कलेक्टर ने किया पुरस्कृत



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय की आज करतला में सभा

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सोमवार को जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे रामपुर विधानसभा के करतला विकासखंड में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री साय हेलीकॉप्टर से दोपहर 1.55 बजे करतला पहुंचेंगे। जहां वे दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक मंडी मैदान में लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 3 बजे से 3.15 बजे तक का समय आरक्षित रखा गया है। 3.20 बजे मुख्यमंत्री श्री साय करतला हेलीपेड से मुंगेली जिला के लिए रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा नेताओं ने बैठक लेकर उनके कार्यक्रम की रुपरेखा तय की।

### यात्रियों के लिए बिलासपुर से समर स्पेशल ट्रेन कल से

**कोरबा।** रेलवे ने बिलासपुर से यशवंतपुर के बीच समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यात्रियों को इसकी सुविधा 30 अप्रैल से मिलेगी। यह ट्रेन बिलासपुर से प्रत्येक शनिवार व मंगलवार को 08291 नंबर के साथ रवाना होगी। इसी तरह विपरीत दिशा यशवंतपुर से प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को 08292 दो मई से चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआर, 6 सामान्य, 10 स्लीपर, 2 एसी-थ्री, एक एसी-टू कोच की सुविधा रहेगी। इस स्पेशल ट्रेन के परिचालन समय में यात्रियों की सुविधा का खास ख्याल रखा गया है। बिलासपुर से ट्रेन 20:00 बजे रवाना होकर 20:37 बजे भाटापारा, 21:50 बजे रायपुर, 22:45 बजे दुर्ग, 23:11 बजे राजनांदगांव 23:36 बजे डोंगरगढ़ और रात एक बजे गोंदिया रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इसके बाद वल्लारशाह, काजीपेट, सिकंदराबाद, लिंगमपल्ली, विकाराबाद, रायचूर, आदोनि होते ही रात 12 बजे यशवंतपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में यशवंतपुर स्टेशन से पांच बजे ट्रेन रवाना होगी और बिलासपुर 9:00 बजे पहुंचेगी।

### रेलिंग जर्जर, टूटी हुई जगह से सडक़ पार कर रहे लोग

**कोरबा।** नगर निगम क्षेत्र के सुभाष चौक से घंटाघर चौक के बीच बने डिवाइडर पर लोगों की सुरक्षा के लिए रेलिंग लगाई गई है। लेकिन रेलिंग जर्जर हो चुकी है, कई जगह से रेलिंग टूट गई है। डिवाइडर के भी रॉड नजर आने लगे हैं। लोग जल्दी पहुंचने चक्कर में टूटे हुए जगह से सडक़ पार कर आवाजाही कर रहे हैं। इस मार्ग पर दो पहिया, चार पहिया, बस, सिटी बस सहित अन्य वाहनों का दबाव रहता है। शाम के बाद मार्ग पर भीड़ अधिक रहती है। इससे हादसे की आशंका बनी रहती है। इसके बाद भी रेलिंग के मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस कारण आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही है। इधर सुभाष चौक पर सिग्नल लाइट तो लगाई गई है, लेकिन सिग्नल को चालू नहीं किया गया है। जबकि इस चौक पर यातायात का दबाव अधिक रहता है। चौक के चारों तरफ यानी घंटाघर, कोसाबाड़ी, सीएसईबी कॉलोनी, साडा कॉलोनी की ओर से दिनभर वाहनों की आवाजाही होती है। इस मार्ग पर लगभग दो साल पहले यातायात पुलिस ने स्मृति उद्यान के सामने चार पहिया वाहन खड़ी करने के लिए पार्किंग बनाई गई थी। कई जगह से पार्किंग के सिग्नल बोर्ड भी उखड़ गए हैं। यहां पर चार पहिया वाहन तो खड़ी नहीं हो रही है, बल्कि अब सडक़ के किनारे पसरे पर दुकानें लग रही है। गाडिय़ां दुकान के सामने खड़ी हो रही है। बीच सडक़ पर बेतरतीब पार्किंग की वजह से दिनभर में कई जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। वहीं हादसे की आशंका बनी हुई है।

# बालको के जंगल में दिखा दुर्लभ प्रजाति का मोथ, संरक्षित करने विभाग करेगा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोरबा का जंगल पहले ही विभिन्न प्रकार के दुर्लभ प्रजातियों वन्य प्राणियों के लिए जाना जाता है। अब एक नया दुर्लभ प्रजाति का मोथ (पतंगा) मिला है जो एक तितली प्रजाति का ही रूप माना जाता है। दुर्लभ प्रजाति का मोथे मिलने से विभाग में खुशी की लहर है। अब विभाग द्वारा जंगल में इस तरह के कितने प्रजातियों की मौजूदगी है यह भी जानने का प्रयास करेगी।

उल्लेखनीय है कि कोरबा वनमंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्र में विभिन्न प्रकार के दुर्लभ प्रजातियों का बसेरा पाया गया है क्योंकि कोरबा का जंगल अपनी जैव विविधता के लिए जाना जाता है। कोरबा वनमंडल के बालको रेंज में तितली प्रजाति से ताल्लुकात रखने वाले दुर्लभ प्रजाति का मोथ (पतंगा) पाया गया है जो बालको रेंज में ही देखा गया है। जंगल में पेट्रोलिंग पर निकले वन विभाग की टीम को यह दुर्लभ मोथ (पतंगा) नजर आया है जिसकी सूचना वनमंडल अधिकारी अरविंद पीएम को दी गई है ⏭ शेष पेज 3 पर

### जंगल के पेट्रोलिंग के दौरान पाया गया है मोथ



#### संरक्षित करने का होगा प्रयास

कोरबा वनमंडल के बालको रेंज में दुर्लभ प्रजाति का मोथ मिला है। ये मोथ (पतंगा) तितलियां जैसे जीव लाखों सालों के क्रमागत विकास का परिणाम है। इस श्रेणी के जीव जंतु आकस्मिक परिवर्तन के प्रति अति संवेदनशील है, वनों में आग, आवास के ह्रास, जलवायु परिवर्तन से इनके अस्तित्व को खतरा है। वनों को उनके मूल स्वरूप में बनाये रखने से ही सभी दुर्लभ जीव जंतुओं को संरक्षित किया जा सकता है।

-**आशीष खेलवार**, एसडीओ

### तितली में मोथ में क्या होता है अंतर

एसडीओ आशीष खेलवार ने जानकारी देते हुए बताया कि तितलियां प्रकृति में दैनिक होती हैं अर्थात वे दिन के समय सक्रिय रहती हैं। तितलियां आमतौर पर अपने पंख बंद करके आराम करती हैं। तितलियों में लंबे, पतले एंटीना होते हैं। तितलियां अपना भोजन दिन में एकत्र करती हैं। तितलियां चमकदार क्रिसलिस बनाती हैं। तितलियां अधिक जीवंत रंगों का प्रदर्शन कर रही हैं जबकि मोथ (पतंगे) स्वभाव से रात्रिचर होते हैं। पतंगे अपने पंख खोलकर आराम करते हैं। पतंगों के पंखदार एंटीना छोटे होते हैं। पतंगे अपना भोजन रात के समय एकत्र करते हैं। पतंगे रेशमी कोकून बनाते हैं, पतंगों के पंख कम चमकीले रंग के होते हैं।

पेंशन मद में ज्यादा खर्च पर कई बार सीएमपीएफ के बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने जतायी है चिंता

# पेंशन मद में खर्च होता है 4500 करोड़ रुपए से अधिक, आते हैं 4300 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया में काम करने वालों से ज्यादा रिटायर कर्मचारी हैं। स्थायी कर्मियों की संख्या 1 अक्तूबर 2023 को 2 लाख 33 हजार 48 है। वहीं रिटायर कर्मियों की संख्या 31 मार्च 2023 को 3 लाख 68 हजार 546 थी। इनको पेंशन देने के मद में हर साल करीब 4 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हो रहा है।

कोल इंडिया में रिटायर कर्मियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। कोल माइंस प्रोविडेंट फंड (सीएमपीएफ) की रिपोर्ट के अनुसार पेंशन कर्मियों की संख्या काम करनेवालों से डेढ़ लाख अधिक हो गयी है। कोल इंडिया में काम करनेवाले स्थायी कर्मियों की संख्या एक अक्तूबर 2023 को 2 लाख 33 हजार 48 है। वहीं, रिटायर कर्मियों की संख्या 31 मार्च 2023 को 3 लाख 68 हजार 546 थी। इनको पेंशन देने के मद में हर साल करीब 4 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हो रहा है। पेंशन मद में खर्च हो रही ज्यादा राशि को लेकर सीएमपीएफ के बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने कई बार चिंता जतायी है। ट्रस्टी पेंशन मद में जमा राशि को बढ़ाने को लेकर कोल इंडिया और कोयला मंत्रालय पर दबाव भी बना रहा है। हाल में कोल इंडिया ने 10 रुपये प्रति टन की दर से पेंशन फंड में राशि देना शुरू किया है। इसके बाद फंड में करीब 4 हजार 367 करोड़ रुपये बीते वित्तीय वर्ष में मिला है।

### 14 फीसदी जाता है पेंशन मद में

कोल इंडिया में कार्यरत कोयला कर्मियों के वेतन से 14 फीसदी पेंशन मद में जाता है। इसमें 7 फीसदी कर्मी तथा 7 फीसदी कोयला कंपनियों का हिस्सा होता है। यह राशि पेंशन फंड के संचालन के लिए काफी नहीं है। इस कारण कोयला बिक्री से सेस के रूप में भी राशि दी जाती है। केंद्र सरकार ने भी सीएमपीएफ के पेंशन मद में सहयोग कम कर दिया है। वित्त वर्ष 2020-21 में पेंशन निधि में 4503.46 करोड़ रुपये था। इस पर 16.69 करोड़ रुपये केंद्र सरकार का अंशदान था। वहीं 2021-22 में 4174.86 करोड़ रुपये पेंशन निधि तथा 12.96 करोड़ रुपये केंद्र सरकार ने दिया था। वहीं, वित्त वर्ष 2022-23 में मात्र 57 लाख रुपये ही इस मद में केंद्र सरकार ने दिया था।

# मुआवजा नहीं मिलने से नाराज भूविस्थापित ने किया अर्धनग्न प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- हरकत में आया प्रबंधन, देर शाम खाते में आई मुआवजा की राशि



प्रदर्शन करता भूविस्थापित।

एसईसीएल दीपका खदान से प्रभावित ग्राम मलगांव के भूविस्थापित नेता ने मुआवजा की मांग को लेकर दीपका महाप्रबंधक कार्यालय में अर्धनग्न प्रदर्शन किया। मलगांव में मुआवजा की प्रक्रिया जारी है। हालांकि मुख्यालय ने मुआवजा निर्धारण एवं भुगतान प्रक्रिया को इतना जटिल कर दिया है कि भूविस्थापितों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यही वजह है कि मुआवजा नहीं नहीं मिलने से आक्रोशित भूविस्थात नेता ने अर्धनग्न होकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

दरअसल दीपका खदान से प्रभावित ग्राम मलगांव के भूविस्थापित नेता मनीराम भारती मुआवजा की मांग को लेकर कार्यालय पहुंचते थे। ऐसे में दीपका प्रबंधन द्वारा उनके दस्तावेजों में कमी बताते हुए उन्हें बाकी औपचारिकताएं पूरी करने की बात कही। जिससे मनीराम नाराज हो गए और एसईसीएल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहने लगे कि जब भूविस्थापितों के जन प्रतिनिधियों को ही एसईसीएल प्रबंधन परेशान कर रहा है तो आम भूविस्थापितों के साथ कैसा सलूक किया जाता होगा। ऐसा कहते हुए मनीराम भारती वहीं धरना देकर बैठ गए, अर्धनग्न होकर प्रदर्शन भी किया। इसके बाद प्रबंधन के आला अधिकारी हरकत में आए और महाप्रबंधक सक्सेना ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल मुआवजे की राशि को ⏭ शेष पेज 3 पर

# कोल इंडिया की मानकीकरण एवं समितियों में इंटक को नो एंट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- कलकत्ता हाईकोर्ट से इंटक को नहीं मिली राहत

तमाम प्रयासों के बावजूद इंटक (रेड्डी गुट) से सम्बद्ध राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन की कोल इंडिया की मानकीकरण एवं समितियों में एंट्री नहीं हो पा रही है। 24 अप्रेल की सुनवाई में कलकत्ता हाईकोर्ट ने इंटक को राहत देने से इनकार कर दिया है।कोल इंडिया की मानकीकरण समिति सहित अन्य सब समितियों में इंटक (रेड्डी गुट) को प्रतिनिधित्व देने की मांग वाली याचिका पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने 24 अप्रेल को सुनवाई की। जस्टिस अरिंदम मुखर्जी ने इंटक को राहत देने से इनकार कर दिया।

न्यायाधीश ने 17 मई तक विरोधी पक्ष को शपथ पत्र एवं आवेदक को 14 जून जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।यहां बताना होगा कि एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 फरवरी, 2023 को इंटक (रेड्डी गुट) से सम्बद्ध राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन का कोल इंडिया की जेबीसीसीआई- 11 में प्रवेश देने का फैसला सुनाया था। हाईकोर्ट के आदेश के बाद इंटक को जेबीसीसीआई में एंट्री मिली थी। जेबीसीसीआई की अंतिम बैठक के बाद सीआईएल प्रबंधन ने इससे संबंधित मानकीकरण समिति का गठन किया था, लेकिन इसमें इंटक का सम्मिलित नहीं किया गया था। दरअसल हाईकोर्ट का फैसला केवल जेबीसीसीआई- ïïद्व की बैठकों में इंटक को सम्मिलित किए जाने को लेकर था। इस कारण सीआईएल ने मानकीकरण समिति में इंटक को जगह नहीं दी।मानकीकरण सहित अन्य समितियों में सम्मिलित किए जाने को लेकर इंटक (रेड्डी गुट) ने फिर से कलकत्ता हाईकोर्ट से गुहार लगाई थी।इंटक के ददई दुबे गुट ने भी सीआईएल की कमेटियों में प्रतिनिधित्व की मांग को लेकर अदालत का रूख किया था। इधर, ललन चौबे ने ⏭ शेष पेज 3 पर

# होम वोटिंग, 102 वर्षीय मोनो व 101 वर्षीय दलेश व परबतिया बाई ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- 102 वर्षीय मोनो बाई घर से मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में हुई शामिल



मतदान करती वृद्ध महिला।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग की सुविधा प्रारम्भ करने के फलस्वरूप शारीरिक रूप से असमर्थ एवं वयोवृद्ध मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के निर्माण में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। निर्वाचन आयोग के इस अभिनव पहल से आज जिले के कटघोरा एवं पाली तानाखार विधानसभा के 85 वर्ष से अधिक की आयु के बुजुर्ग मतदाता तथा दिव्यांग मतदाताओ ने आज बड़ी ही सरलता से घर से ही मतदान कर मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में अपना योगदान दिया।

जिला मुख्यालय के दूरस्थ क्षेत्र पोड़ी उपरोड़ा के वनांचल ग्राम साखो की रहने वाली 101 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता दलेश बाई, परवतिया बाई, एवं 102 वर्षीय मोनो बाई पैंकरा ने लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन वयोवृद्ध मतदाताओं ने लोकसभा आम निर्वाचन में होम वोटिंग के द्वारा मताधिकार का प्रयोग की सुविधा पाकर अपने पसंदीदा अभ्यर्थी को खुशी खुशी वोट किया। अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दलेश बाई ने बताया कि होम वोटिंग की सुविधा उम्रदराज मतदाताओं के लिए बहुत ही लाभदायक है। शारीरिक रूप से कमजोर एवं वृद्धावस्था के चलते चलने-फिरने में सक्षम नहीं होने के कारण वह मतदान दिवस को पोलिंग बूथ पहुँचकर वोट डालने में असमर्थ थी, निर्वाचन आयोग के इस सराहनीय प्रयास से वह अपने मत का उपयोग करने में सक्षम हुई। इसी प्रकार परवतिया बाई ने उम्र की इस पड़ाव में आयोग द्वारा उनके मौलिक अधिकार को उन तक पहुचाने के सार्थक कदम को सराहा। उन्होंने कहा कि होम वोटिंग की सुविधा के कारण उन्हें आज वोट डालने का अवसर मिला है। 102 वर्षीय मोनो बाई ने भी कहा कि विपरित परिस्थितियों के बावजूद भी आज उन्हें वोट देने का मौका मिला। वे शारीरिक कमजोरी के कारण अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकने में असमर्थ थी। ⏭ शेष पेज 3 पर

# गृह मंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर उद्योग मंत्री ने ली बैठक



बैठक लेते उद्योग मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह के कोरबा लोकसभा के कटघोरा स्थित मेला ग्राउंड में 1 मई को प्रस्तावित विशाल आम सभा की तैयारी के लिए वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री और आमसभा के प्रभारी लखन लाल देवांगन और वन मंत्री केदार कश्यप ने कटघोरा विधानसभा कार्यालय में वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बैठक ली। बैठक में भाजपा के आमसभा के सहप्रभारी कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, प्रदेश मंत्री और सह प्रभारी विकास महतो, जिला सगठन प्रभारी गोपाल साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान श्री देवांगन ने आमसभा की तैयारी की समीक्षा की। श्री देवांगन ने कहा कि आमसभा को ऐतिहासिक बनाना है, इसके लिए उन्होंने सभी मंडल, मोर्चा व प्रकोष्ठ से ज्यादा से ज्यादा लोगों को सभा में शामिल करने आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री नरेंद्र देवांगन, जिला महामंत्री संतोष देवांगन, मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, पवन गर्ग, अजय धनोंदिया सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

रजगामार में कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत की आम सभा में शामिल हुए सचिन पायलट

# देश में यह चुनाव अब बदलाव का चुनाव बन गया: सचिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





चुनावी सभा में उपस्थित प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी सचिन पायलट एवं कांग्रेसजन।

भाजपा नेताओं का जो भाषण मैं सुन रहा हूं जो बौखलाहट मुझे दिख रही है जो नकारात्मक कैपनिंग उन्होंने शुरू की है, वह कहीं न कहीं इस बात का प्रतीक है कि वो पिछड़ रहे हैं। देश में यह चुनाव अब बदलाव का चुनाव बन गया है। यहां कोई हवा या वेग भाजपा के पक्ष में नहीं है। 10 साल की एंटी कैवेंसी है। लोग अब उब गए हैं और बदलाव चाहते हैं। भाजपा की ब्रोट कास्ट की सरकार का जवाबदेही तय करने के लिए लोग मत पेटी के जरिए अपनी मंशा रखेंगे।

उक्त बातें कोरबा लोकसभा के रामपुर विधानसभा क्षेत्र के रजगामार में आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कही। उन्होंने कहा कि बीजेपी का जो 10 साल का कार्यकाल रहा उसमें वह किसी भी वर्ग को खुश नहीं कर सका है, चाहे वह किसान हों, महिला हों, मध्य वर्ग हो या बेरोजगार युवक हों। हॉ देश भर के कुछ चंद चुनिंदा लोगों को छोड़कर जिनका उन्होंने लाखों करोड़ों का कर्ज माफ कर दिया है, जिन्हें हवाई अड्डा, बंदरगाह, खान व खदान दिए हैं केवल वही खुशी हैं, देश में अधिकांश लोग बदलाव चाहते हैं। प्रदेश में पिछले चार माह से भाजपा की सरकार है बावजूद इसके भाजपा अपना कोई छाप नहीं छोड़ पाया है। देश में बदलाव जरूर होगा और बड़ी जीत और बहुमत के साथ देश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस दौरान आम सभा को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत, कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना महंत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व राजस्व मंत्री ⏭ शेष पेज 3 पर

### एमएसपी की गारंटी देने वाली कांग्रेस पहली पार्टी

भाजपा आई तो संविधान खत्म कर दिया जाएगा के सवाल पर श्री पायलट ने कहा कि ये तो बीजेपी के नेता हैं जिन्होंने टिप्पणी की हैं, जिन्होंने बिना पूछे बार-बार यह कहा है, इसलिए बीजेपी के शीर्ष नेताओं को सफाई देनी पड़ रही है। यह विवादित बयान बीजेपी नेताओं की ओर से आया है, हमने ऐसा कोई आरोप नहीं लगाया जो बोलते हैं वही उसकी सफाई दे सकते हैं। छत्तीसगढ़ में भाजपा द्वारा 11 की 11 सीट जीतने के दावे के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा कभी बोलती है कि 300 पार तो कभी 400 पार। पूरे देश में केरल से लेकर कश्मीर तक जहां जहां चुनाव हो रहा है वहां जनता सिर्फ बदलाव चाह रही है। किसानों के हड़ताल के ⏭ शेष पेज 3 पर

### एसईसीएल के आवास में मिली लाश

**कोरबा।** कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर कॉलोनी के क्वाटर नंबर एम-449 के सामने से रविवार की सुबह तेज बदबू आने लगी, घर के सामने का दरवाजा हल्का सा खुला हुआ था, पड़ोसियों ने झांक कर देखा तो एक व्यक्ति जमीन पर पड़ा हुआ था, जिसका शरीर फुल चुका था, लोगों ने तत्काल कुसमुंडा पुलिस को इसकी सूचना दी। जानकारी के अनुसार मृतक का नाम रेशम बढ़ाई बताया जा रहा है, जो एसईसीएल महिला कर्मी रामेश्वरी का भाई था, रामेश्वरी की मौत भी तकरीबन 4-5 वर्ष पहले हो चुकी थी, जिसके बाद उसका भाई क्वाटर में अकेले रह रहा था। बदबू की वजह से पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका हुई थी। सूचना के बाद कुसमुंडा पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

## डगलस का खुलासा, अपने किरदार की चाहते थे खतरनाक मौत



हॉलीवुड अभिनेता माइकल डगलस ने अपनी चर्चित फिल्म एंटमैन एंड द वैस्प क्वांटमैनिया को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है।

एक बातचीत में उन्होंने बताया कि वे फिल्म में अपने किरदार की खतरनाक मौत चाहते थे। इसके लिए उन्होंने मेकर्स के अनुरोध भी किया था। माइकल डगलस हॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों में से एक हैं। अपनी अदाकारी से वे वैश्विक स्तर पर काफी ज्यादा लोकप्रिय हैं। वे मार्वल की साल 2023 में आई फिल्म एंटमैन एंड द वैस्प क्वांटमैनिया में नजर आए थे। इस फिल्म में डॉ. हैंक पाइम की भूमिका में उन्हें काफी पसंद किया गया था। हाल ही में अभिनेता ने इस फिल्म में अपने किरदार को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि वे फिल्म में अपने किरदार की मौत का एक गंभीर दृश्य चाहते थे और इसके लिए उन्होंने अनुरोध भी किया था। एक बातचीत में अभिनेता ने कहा कि फिल्म के तीसरे भाग से पहले उन्होंने अपने चरित्र को मारने का अनुरोध किया था। डगलस ने कहा, ₹वास्तव में मैंने तीसरी फिल्म के ऐसा किया था। मैंने कहा था कि मैं स्पेशल इफेक्ट्स के साथ मौत चाहता हूं। कोई शानदार तरीका होना चाहिए, जहां मैं चींटी के आकार में सिकुड़ जाऊं और मुझमें विस्फोट हो जाए। कुछ भी हो जाए, लेकिन मैं उन सभी इफेक्ट्स का उपयोग करना चाहता हूं। एंट-मैन एंड द वास्पः क्वांटमैनिया का निर्देशन पेटन रीड ने किया गया था। वहीं, इसे जेफ लवनेस ने लिखा था। फिल्म में पॉल रुड, इवांगेलिन लिली, जोनाथन मेजर्स, कैथरीन न्यूटन, डेविड डस्टमालचियन, कैटी ओ'ब्रायन, विलियम जैक्सन हार्पर, बिल मरे, कोरी स्टोल और मिशेल फिफर ने अभिनय किया था। डगलस ने 2015 की फिल्म एंट-मैन में हैंक पाइम की भूमिका की शुरुआत की और 2018 की एंट-मैन एंड द वास्प और 2019 की एवेंजर्सः एंडगेम में इसे फिर से निभाया। हैंक पाइम के रूप में उन्हें आखिरी बार साल 2023 की एंट-मैन एंड द वास्पः क्वांटमैनिया में देखा गया था।

टॉलीवुड

## श्रुति -शांतनु की राहें जुदा, क्यों हुआ कयासों का बाजार गर्म?



श्रुति हासन और शांतनु बीते लंबे समय से रिलेशनशिप में थे। वहीं, अभिनेत्री ने कुछ हफ्तों से शांतनु के साथ कोई तस्वीर भी शेयर नहीं की, जिसके कारण ब्रेकअप की अफवाहों ने और ज्यादा तूल पकड़ लिया। हालांकि, न तो श्रुति हासन और न ही शांतनु हजारिका ने अपने ब्रेकअप के पीछे के कारण के बारे में खुलकर बात की है। हाल ही में ऐसी अफवाहें फैलने लगी थीं कि श्रुति हासन और शांतनु हजारिका करीब एक महीने से अलग रह रहे हैं। इस जोड़े ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक-दूसरे को अनफॉलो भी कर दिया और श्रुति ने अपने इंस्टाग्राम फीड से उनकी एक साथ की तस्वीरें भी हटा दीं। ऐसा प्रतीत होता है कि श्रुति और शांतनु ने अपने व्यक्तिगत हितों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अलग-अलग रास्ते अपनाने का फैसला किया है। मुंबई स्थित असमिया कलाकार शांतनु हजारिका एक विजुअल आर्टिस्ट, वीडियो गेम डिजाइनर और चित्रकार हैं। उनकी रचनात्मक प्रतिभा ने श्रुति का ध्यान तब खींचा जब वह अपनी किताब पर काम कर रही थीं, जिसमें उनकी कविताएं हैं। शांतनु ने पुस्तक के लिए एक चित्रकार और डिजाइनर के रूप में योगदान दिया और उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई। इसके बाद दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में थे।

काम के मोर्चे पर, श्रुति 'सालार 2' के लिए तैयारी कर रही हैं। इसके अलावा, 'डेकोइट', 'टॉक्सिक' और सुपरस्टार रजनीकांत की 'कुली' जैसी परियोजनाओं में उनके शामिल होने की अफवाहें हैं। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

भोजपुरी

## विक्रांत और ऋतु की 'हानिकारक मेहरारू' का ट्रेलर रिलीज



विक्रांत सिंह राजपूत और एक्ट्रेस ऋतु सिंह की अपकमिंग फिल्म 'हानिकारक मेहरारू' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म की कहानी कई लोगों को महिला अधिकारी ज्योति मौर्य की याद दिला रही है। हालांकि, फिल्म के लीड एक्टर विक्रांत ने साफ कर दिया है कि इसकी कहानी पूरी तरह से फिक्शन बेस्ड है। भोजपुरी सुपरस्टार विक्रांत सिंह राजपूत और एक्ट्रेस ऋतु सिंह की अपकमिंग फिल्म 'हानिकारक मेहरारू' का ट्रेलर एंटरटेन रंगीला के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर मजेदार है और इसे देखकर कई लोग इसे महिला अधिकारी ज्योति मौर्य की कहानी से जोड़ रहे हैं जिन्होंने अधिकारी बनने के बाद अपने पति को छोड़ दिया था।

फिल्म के ट्रेलर में विक्रांत सिंह राजपूत एक ऐसे हसबैंड की भूमिका में हैं जिसकी पत्नी पढ़ाई कर अफसर बनना चाहती है। हालांकि परिवार के बाकी लोग उनकी पत्नी को अफसर बनाने और पढ़ाने-लिखाने के खिलाफ हैं।

जेएएस मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'हानिकारक मेहरारू' को लेकर विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा कि फिल्म की कहानी संवेदनशील मुद्दे पर आधारित है।

लाइफ स्टाइल



अरब का हुस्न

मिस्त्र की पहचान पिरामिड से है और इन पिरामिड के परिदृश्य में फैशन उद्योग भी खूब पनपता रहा है। मिस्त्र की सांस्कृतिक झलक यहां के फैशन शो में देखने मिलती है। पिछले दिनों कोचर कलेक्शन के अंतर्गत इटालियन फैशन हाउस लारा मैंकिनी और अमेरिकन डिजाइनर लैक्वान स्मिथ ने मिस्त्र में यह अनूठा शो किया। जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला।

## देसी घी से बनाएं अपनी नाइट क्रीम, मिलेगा त्वचा संबंधी परेशानियों से छुटकारा




आपने अक्सर लोगों को ये कहते सुना होगा कि बच्चों को छोटे से घी खिलाना चाहिए, ताकि उनका शरीर मजबूत बनें। घी में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए काफी लाभदायक होते हैं। इसमें पाए जाने वाले तत्व आपकी त्वचा को भी लाभ पहुंचाते हैं। ऐसे में आप चाहें तो खूबसूरत और ग्लोइंग त्वचा पाने के लिए घी का इस्तेमाल कर सकते हैं। घी आपके चेहरे के दाग-धब्बे समेत कई परेशानियों को कम करने में सहायक है।

अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो घी से इस्तेमाल से नाइट क्रीम तैयार करें। इसके लिए सबसे पहले एक बड़ा चम्मच घी लें। इसके बाद उसमें 2 से 3 बर्फ के टुकड़े डालकर चलाएं। घी में बार-बार पानी निकलेगा, उसे हटाते रहें। जब बर्फ पिघल जाए तो बचे हुए गाढ़े घी तो एक डिब्बी में बंद करके रख लें। ये आपके लिए नाइट क्रीम का काम करेगा। ये त्वचा को कोमल बनाए रखने में सहायक है।

### सनबर्न से मिलेगी राहत

अगर तेज धूप में आपकी त्वचा झुलस गई है, तो आप इस नाइट क्रीम का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस्तेमाल के लिए सबसे पहले अपने चेहरे को साफ करें और फिर इस घी से बनी क्रीम को चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा प्राकृतिक रूप से चमक उठेगी और आपको सनबर्न से भी राहत मिलेगी।

### दाग-धब्बों से मिलेगा छुटकारा

इस नाइट क्रीम के इस्तेमाल से आपको चेहरे के दाग-धब्बों से छुटकारा मिलेगा। इसमें कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो चेहरे के दाग कम करने में सहायक हैं। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल सोने से पहले कर सकते हैं।

### रूखी त्वचा से मिलेगा छुटकारा

इस नाइट क्रीम के इस्तेमाल से आपको चेहरे की ड्राईनेस से छुटकारा मिलेगा। घी में पाए जाने वाले तत्व त्वचा को मुलायम बनाने में सहायक होते हैं। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल हर रोज कर सकते हैं।

### इंफेक्शन का खतरा होता है कम

इस नाइट क्रीम के इस्तेमाल से त्वचा पर इंफेक्शन का खतरा कम हो जाता है। अगर आप इसका इस्तेमाल हर रोज करेंगे तो चेहरे पर रैशेज और लालिमा की परेशानी भी कम हो जाती है।

## दिखना हैं सबसे अलग तो अपनाएं चंदेरी सिल्क सूट





फैशन

सूट कई सारे मौके पर पहनने के बेस्ट है लेकिन कई बार महिलाएं इस तरह का सूट पहनना चाहती हैं जिसमें वो स्टाइलिश और भीड़ से नजर आए। वहीं अगर आप भी कुछ नया ट्राई करने का सोच रही हैं तो आप इस तरह के लेटेस्ट डिजाइंस वाले चंदेरी सिल्क सूट वियर कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले चंदेरी सिल्क सूट दिखाएंगे जिन्हें आप कई सारे खास मौके पर वियर कर सकती हैं

### फ्लोरल चंदेरी सूट



इस दिनों फ्लोरल सूट काफी ट्रेंड हैं और इस तरह फ्लोरल चंदेरी सूट भी आप कई सारे खास मौके पर वियर कर सकती हैं। इस तरह सूट डिजाइन आपको जहां न्यू लुक देंगे तो वहीं इस तरह के सूट में भीड़ से भी अलग नजर आयेंगी। यह सूट फ्लोरल प्रिंट और सिल्क में है साथ ही ये राउंड नैकलाइन में आता है। इस तरह का सूट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों 1000 तक की कीमत में मिल जायेगा।इसे भी पढ़ें : वेडिंग फंक्शन में चाहती हैं स्टाइलिश लुक तो लेटेस्ट डिजाइंस वाले ये पटौदी सूट करें वियर

### गोटा पट्टी वर्क सूट

चंदेरी सूट में आप गोटा पट्टी वर्क में आता हैं। आर आप लाइट कलर चाहती हैं या हल्दी का फंक्शन अटेंड कर रही हैं तो आप इस तरह सूट वियर कर सकती हैं। येलो कलर का ये सूट गोटा पट्टी वर्क में है और इसका दुपट्टा कोटा सिल्क में है। वहीं इस तरह का सूट आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से खरीद सकती हैं। ये सूट आपको कई 1000 के रेंज तक मिल सकते हैं।

### थ्रेड एम्ब्रायडरी सूट

अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो सी तरह का थ्रेड एम्ब्रायडरी वाला सूट वियर कर सकती हैं। पिंक कलर के यह सूट कट वर्क स्लेवीस के साथ आता है। वहीं इस सूट के साथ पेंट स्टाइल में सूट पहन सकती हैं। इस तरह के सूट को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

## चूड़ीदार पजामा सिलवाते समय इन बातों को न करें नजरअंदाज, सूट लुक हो सकता है खराब

सलवार-सूट पहनना हम सभी पसंद करते हैं। वहीं बोरिंग और सिंपल सलवार की जगह हम कमीज के साथ में पजामी को पहनना पसंद करते हैं। पजामी में चूड़ीदार डिजाइन को सबसे ज्यादा पहना जाता है। वहीं इसे आप कई तरह से कस्टमाइज भी कर सकते हैं। अक्सर चूड़ीदार पजामी में हमें मनचाही फिटिंग नहीं मिल पाती है, जिसके कारण हमारा पूरा लुक बिगड़ सकता है। तो आइये आज हम आपको बताने वाले हैं चूड़ीदार पजामी सिल्वाने के आसान टिप्स और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान हैक्स-

### कैसे दें चूड़ीदार पजामी को परफेक्ट फिटिंग?

चूड़ीदार पजामी को परफेक्ट लुक देने के लिए आप इसके आसन को थोड़ा थोड़ा रखें। इसके अलावा बॉडी फिटेड पजामी बनवाने से बचें। पजामी में ज्यादा चूड़ी बनाना चाहती हैं तो इसकी लेंथ को अपनी हाइट से ज्यादा लंबा रखें। वहीं इसे पहनने से पहले आप पैरों में थैली को बांध लें और फिर चूड़ीदार पजामी को पहनें। परफेक्ट फिटिंग पाने के लिए आप इसे हल्का लूज ही बनवाएं। ऐसा करने से आपको उठने-बैठने में आरामदायक महसूस होगा।



### चूड़ीदार पजामी को फैंसी लुक कैसे दें?

चूड़ीदार पजामी को स्टाइलिश लुक देने के लिए आप पोंचे में रफल डिजाइन बनवा सकती हैं।

## जंपसूट के साथ अपनाईए ऐसे फुटवियर, लोग करेंगे तारीफ

इन दिनों जंपसूट काफी ट्रेंड में है और महिलाएं घूमने या किसी पार्टी के दौरान जंपसूट पहनना काफी पसंद करती हैं। जंपसूट एक परफेक्ट आउटफिट हैं जहां इस आउटफिट में आप काफी कंफर्टेबल रहती हैं तो स्टाइलिश लुक के लिए जंपसूट परफेक्ट ऑप्शन है लेकिन महिलाएं इस आउटफिट के साथ किसी तरह के फुटवियर पहने इस बात को लेकर काफी परेशान रहती हैं। वहीं अगर आप इस बात को लेकर परेशान हैं कि जंपसूट के साथ किस तरह का फुटवियर पहने या कन्फ्यूज्ड हैं इस तरह के जंपसूट के साथ कौन से फुटवियर पहने तो इस आर्टिकल की मदद से आप अपने आउटफिट के साथ एक परफेक्ट फुटवियर का चुनाव कर सकती हैं।

**स्ट्रैपी हील्सः** अगर आप किसी पार्टी या दोस्तों के साथ घूमने जा रही हैं तो स्ट्रैपी हील्स वियर कर सकती हैं। इस तरह की हील्स जहां इस आउटफिट के साथ परफेक्ट रहेगी तो वहीं अगर आप डार्क कलर या ब्लैक कलर का आउटफिट पहन रही हैं तो आप इस रेड, ग्रीन, व्हाइट कलर की स्ट्रैपी हील्स पहन कटी हैं। ये स्ट्रैपी हील्स आपको आसानी से बाजार में मिल जाएँगी साथ ही ऑनलाइन भी आप इन स्ट्रैपी हील्स को खरीद सकती हैं।



**मीडियम हील्स सैंडलः** अगर आपको हील्स पहनना पसंद हैं तो आप जंपसूट के साथ मीडियम हील्स सैंडल पहन सकती हैं। वहीं मीडियम हील्स सैंडल में लाइट कलर के सैंडल के चुनाव कर सकती हैं।

अगर आप डार्क कलर का जंपसूट पहन रही हैं या फिर डार्क कलर का मीडियम हील्स सैंडल इन दोनों आउटफिट के साथ पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन है।

कार्नर न्यूज

परफेक्ट लुक के लिए इस मौसम में हाफ स्लीव्स शर्ट्स से बेहतर कुछ नहीं

## गर्मी में हर फैशनेबल लड़के को पहननी चाहिए स्टाइलिश हाफ स्लीव्स शर्ट्स

हाफ स्लीव्स शर्ट्स गर्मी के दिनों के लिए ही बेहतर मानी जाती हैं। गर्मियों के फैशन ट्रेंड्स में भी हाफ शर्ट्स की डिमांड खूब दिख रही है क्योंकि इनको किसी भी बॉटम वियर के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं। लेकिन परफेक्ट लुक के लिए हाफ स्लीव्स शर्ट्स की गाइड पढ़नी जरूरी है। क्योंकि केवल हाफ शर्ट की करने से बात नहीं बनने वाली। अधिकतर उम्रदराज पुरुषों इस तरह की शर्ट्स अपनाते है। इसलिए भी कई लड़के हाफ शर्ट पहनने से कतराते हैं। फिलहाल इस परेशानी को दूर करने के लिए आपको यहां पर कुछ स्टाइलिश हाफ स्लीव्स शर्ट्स की जानकारी दे रहे हैं।





**ट्राइब प्रिंटेड शर्ट्सः** अगर हाफ स्लीव शर्ट्स स्टाइलिश और नॉर्मल से थोड़ी हटकर हो तो हर किसी का पहनने का मन करेगा। इस तरह के प्रिंट देखने में काफी मनमोहक लगते हैं।

**बैंड कॉलर शर्ट्स :** शर्ट्स के कॉलर लुक को निखारने के काम करते हैं। इसलिए इस तरह की कॉलर स्टाइल वाली हाफ स्लीव शर्ट पहनें। इनको पहनते वक्त कॉलर बटन जरूर बंद करें।

**हाफ स्लीव प्रिंटेड शर्ट :** वैसे तो प्रिंट में कई डिजाइन की शर्ट्स मिलेंगी लेकिन आप गर्मी के लिए इस तरह की हाफ स्लीव शर्ट्स ट्राय करें। इनका कलर और डिजाइन सुकून देने वाला है।

**मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट :** मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट सामान्य शर्ट्स की तुलना में अच्छी दिखती हैं। इस स्टाइल की शर्ट्स को कहीं भी पहनकर जा सकते हैं।

**क्यूबन कॉलर शर्ट्सः** क्यूबन कॉलर वाली शर्ट्स को पहनना बहुत कम लोग पसंद करते हैं। लेकिन जिन्हें गले और सीने के पास थोड़ा खुलापन चाहिए वे इस स्टाइल वाली शर्ट पहनते हैं।

**लीफ प्रिंट शर्ट्स :** फ्लोरल और लीफ प्रिंट शर्ट्स में बहुत अधिक अंतर नहीं है। लेकिन आपको केवल पत्तों का प्रिंट चाहिए तो ये शर्ट सही रहेगी।



**स्ट्राइप्ड शर्ट :** स्ट्राइप्ड शर्ट लंबे समय से हम पहनते आ रहे हैं। मगर यहां पर दी गई हाफ स्लीव शर्ट में थोड़ा नयापन दिख रहा है। इसलिए लेटेस्ट ट्रेंड को पसंद करने वालों के लिए ये सही है।

## खबर संक्षेप

### श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के सुनील अध्यक्ष व पवन बने सचिव





**कोरबा।** अग्रवाल सभा कोरबा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के अध्यक्ष पद पर सुनील जैन व सचिव पद पर पवन अग्रवाल को मनोनित किया है। नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील जैन के द्वारा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल की सहमति से अग्रसेन कन्या महाविद्यालय की नवीन कार्यकारिणी गठित की गई। श्री जैन ने बताया कि सत्र 2024-26 के लिए उनके द्वारा 10 उपाध्यक्ष की नियुक्ति की गई है, जिनमें सजन अग्रवाल, दिव्यानंद अग्रवाल (डब्बू), सीए आशीष खेतान, श्यामलाल अग्रवाल, सीए आशीष अग्रवाल, इंजी. योगेश गोयल, जितेन्द्र अग्रवाल, भगवती अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, रितु बुधिया शामिल हैं। इसी तरह पवन अग्रवाल को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त उत्कर्ष अग्रवाल सहसचिव, पुरूषोत्तम गुप्ता कोषाध्यक्ष, सीए अभिषेक अग्रवाल सह कोषाध्यक्ष, कीर्ति कुमार अग्रवाल जनसंपर्क अधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य सौरभ अग्रवाल, अमित अग्रवाल (सीतामणी), अमित अग्रवाल (सांई कोचिंग), सोनल कुमार अग्रवाल, संजय केडिया, कृष्णा अग्रवाल, अरूण अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, इंजी. शीतल बजाज, इंजी. प्रियंका अग्रवाल, सुमन केडिया, आभा अग्रवाल, प्रहलाद अग्रवाल को मनोनीत किया गया है।

### पाली के दो प्रोफेसर को मिली पीएचडी की उपाधि




**कोरबा।** पाली कालेज के दो युवा प्रोफेसर हर्ष पांडेय और डॉ पुष्पराज लाजरस को मेरीलैंड स्टेंट विश्व विद्यालय अमेरिका के द्वारा उनके समाज में योगदान के लिए मानद उपाधि प्रदान किया। प्रोफेसर हर्ष पांडेय एक युवा समाजशास्त्री है, उन्हें जनजाति समाज और भारतीय समाज के विशेषज्ञ के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में जाना जाता है। उन्होंने पड़ो, कंवर, उरांव, बैंगा आदि जनजातियों पर विशेष अध्ययन किया है। डॉ.पुष्पराज लाजरस शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली जिला कोरबा के प्रभारी प्राचार्य हैं। उन्हें आदिवासी क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के उन्नयन के लिए डी. लिट की उपाधि प्रदान की गई है। डॉ लाजरस ने पाली क्षेत्र में आदिवासी बालिकाओं के उच्च शिक्षा के लिए अथक प्रयास किया।

### दुकान में चोरी, सीसीटीवी डीवीआर समेत कैश ले उड़े चोर



**बरपाली।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरपाली तहसील के पास स्थित गुरुकृपा जनरल स्टोर में बीती रात चोरों ने धावा बोला और शातिराना अंदाज में सीसीटीवी डीवीआर समेत सामान व कैश ले उड़े। घटना बीती रात हुई जब गुरुकृपा जनरल स्टोर संचालक शुभम दुबे अपने दुकान को लगभग 9 बजे बन्द कर अपने घर चले गए। चोरी का पता तब चला जब दूसरे दिन दुकान खोलने शुभम दुबे के बड़े भाई गोपाल दुबे दुकान पहुंचे तब दुकान का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर सामान बिखरा हुआ था। चॉकलेट पैकेट के पैकेट खाली पड़े मिले और गल्ला से कैश व सिक्के गायब थे। चोरों द्वारा सीसीटीवी के डीवीआर को भी गायब कर दिया गया। चोरी की सूचना उरगा थाना में दिया गया जिसके बाद थाना स्टाफ दुकान पहुंचकर तफ्तीश किया जा रहा है। दुकान संचालक द्वारा बताया गया कि दुकान से चोरों ने सिगरेट पैकेट के बंडल, सिक्के व नगद लगभग 20 हजार रूपये और छोटे मोटे सामान ले उड़े हैं।

## वर्ष 2018 में हुई थी गणना, आवारा मवेशियों पर गणना के लिए बनेगा अलग कॉलम

# पशु संगणना के लिए गांव के कोड हुए तय, चुनाव के बाद शुरु होगी तैयारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार द्वारा 5 वर्ष में करायी जाने वाली पशु संगणना इस वर्ष 2024 में किए जाने की तैयारी शुरु हो गई है। पशु चिकित्सा विभाग के द्वारा इसके लिए जिले के सभी ग्रामों के लिए कोड तय कर पूरी रिपोर्ट राज्य शासन को भेजी है। इस बार आवारा मवेशियों को लेकर भी गणना के दौरान अलग कॉलम में जानकारी दी जाएगी।

पशु संगणना के लिए केंद्र सरकार के द्वारा गाइड लाइन जारी की जाती है। प्रत्येक 5 वर्ष में होने वाली गणना इसके पहले वर्ष 2018 में की गई थी। 5 साल बाद गणना का कार्य वर्ष 2024 में शुरु होने जा रहा है। केंद्र सरकार ने इसके लिए राज्य सरकार को गाइड लाइन भेज दी है। शासन से जिले को मिले गाइड लाइन के आधार पर पशु चिकित्सा विभाग ने इसकी तैयारी शुरु करते हुए जिले के सभी ग्रामों के कोड भी तय कर दिए गए हैं। कोड तय करने के पीछे का कारण एक नाम के एक से अधिक गांव का होना बताया गया है। गणना के दौरान किस गांव में कितने मवेशी हैं इसकी विस्तृत एवं स्पष्ट जानकारी तैयार करने हेतु प्रत्येक गांव को अलग अलग कोड दिए गए हैं। विभागीय अधिकारियों की मानें तो चुनाव आचार संहिता की वजह से आगे की कार्यवाही रुकी हुई है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद गणना से संबंधित कार्यों को सिलसिलेवार आगे बढ़ाया जाएगा। वर्ष 2018 में भी पशु संगणना में गायों की संख्या 2 लाख 63 हजार थी। सबसे कम संख्या सुकर की थी। विभाग के अनुसार गणना में आवारा मवेशियों के संबंध में भी कॉलम दिया गया है। कुछ वर्षो से आवारा मवेशियों की संख्या बढ़ी है। इस वजह से शहरी व ग्रामीण अंचलों में इनकी संख्या का भी उल्लेख रहेगा।

### पोड़ी ब्लाक में सर्वाधिक गौवंश

पिछली संगणना के अनुसार जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में सर्वाधिक गौवंश मिले हैं। उसके बाद करतला विकासखंड का नंबर आता है। दोनों बड़े ब्लाक होने के कारण गौवंशों की संख्या इन दोनों ब्लाक में अधिक है। सुकर पालने के मामले में शहरी क्षेत्र आगे है। हालांकि ग्रामीण अंचलों में जंगली सुअर भी हैं इनकी संख्या पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में ज्यादा है।

### लगाए जाएंगे टैग

गणना के दौरान शहरी और ग्रामीण अंचलों में घूमने वाले आवारा मवेशियों में टैग लगाने का कार्य किया जाएगा ताकि गणना के दौरान किसी तरह की तकनीकी त्रुटि ना हो। आवारा मवेशियों को लेकर सरकार ने इनकी गणना को गंभीरता से लेने का काम करते हुए गणना के पूर्व ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मवेशी पालकों को सूचना दी जाएगी ताकि आवारा घूम रहे उनके मवेशियों को वे घर में रख सकें। जिनकी गणना की जा सके। आवारा मवेशियों के संबंध में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि टैग लगाने में सबसे ज्यादा परेशानी सांड में होती है। कई बार टैग लगाते समय विभाग के कर्मचारी घायल हो चुके हैं।

### विभाग ने की तैयारी

जिले में पशु संगणना की तैयारी के लिए केंद्र सरकार से मिली गाइड लाइन के तहत सभी गांव के कोड तैयार किए गए हैं। चुनाव के बाद जैसे ही विभाग का निर्देश मिलेगा आगे की कार्यवाही शुरु कर दी जाएगी।

-**डॉ एस के गुर्जर,** पशु चिकित्सा विभाग

## श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में समर कैम्प का शुभारंभ



समर कैंप में शामिल बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल में समर कैम्प का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती व महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल के प्राचार्या शोभा सोनी ने कहा कि समर कैम्प का अयोजन विगत वर्षो से लगातार हो रहा है आज से इसका शुभारंभ हमारे स्कूल में हो रहा है। श्री अग्रसेन शिक्षा समिति के अध्यक्ष सीए अखिलेश अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय में पढाई साथ साथ अन्य प्रतिभाओं के लिए समर कैम्प का अयोजन किया गया है। राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि गर्मियों की छुट्टी हो गई है अपने व्यक्तित्व को निखाने के लिए समर कैम्प का अयोजन किया गया गया है। खेल ही खेल मे हम अपनी कला को निखार सकते हैं और नई कला को हम सीख सकते हैं इसके लिए समर कैम्प एक अच्छा माध्यम बना सकता है। समर कैम्प में बच्चों को जुम्मा, सेल्फ डिफेंश, कलर आर्ट, कुकींग, मेहन्दी रंगोली, बेडमींटन, चेंस और अन्य प्रतिभा को सीखने का अवसर मिलेगा। सेल्फ डिफेंश में शुभम यादव रमेश साहू व जुम्मा पिंकी सिद्दधू के द्वारा सिखाया जा रहा है। इस अवसर पर पर श्री अग्रसेन पब्लिक विद्यालय के सचिव त्रिलोकी नाथ बजाज, अनिता सिंघल, मीना बेरिवाल, रूचिका अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, भगवती अग्रवाल, अनुप अग्रवाल, डीडी माकेट व अन्य अग्रबन्धु उपस्थित थे।

## संगीतमय श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा महापुराण यज्ञ में उमड़ रहे श्रद्धालु



भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम तिलकेजा से पधारे प्रख्यात कथावक्ता पंडित नूतन कुमार पांडेय ने रामलीला मैदान में जय शिवाजी महिला समिति द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा महापुराण यज्ञ के पंचम दिवस आयोजित कथा प्रसंग के दौरान कही। आचार्य श्री पांडेय ने कहा कि जीवन में हमें मर्यादित होना अत्यंत आवश्यक है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने सम्पूर्ण जगत को मर्यादा का पाठ पढ़ाया। आचार्य श्री पांडेय ने हनुमान जी की शक्ति एवं महिमा का बखान करते हुए कहा कि वे ऐसे देवता हैं जिनका प्रताप चारों युग में हैं। उनकी सिद्धि से संपूर्ण जगत वाकिफ है। किसी का कद देकर उसकी योग्यता का आंकलन हमें नहीं करना चाहिए। भगवान श्री हरि ने अभिमानी राजा बलि का अभिमान तोड़ने 100 वें यज्ञ के पूर्ण होने से पूर्व 52 इंच के वामन अवतार में पहुंच 3 पग भूमि भिक्षा में मांग तीनों लोक नाप दिया। जब जब धरती पर अत्याचार बढ़ता है नारायण अवतार लेते हैं अत्याचारी कंस का वध करने नारायण ने श्री कृष्ण रूप में अवतरित होकर सम्पूर्ण जगत को उसके अत्याचार से मुक्त किया। समूचे जगत में प्रेम का संचार किया। भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया।

कथा स्थल पर नयनाभिराम झांकी निकाली गई। सुरेश चंद्रा श्रीमती रिद्धि चन्द्रा के नन्हा पुत्र प्रीमांश तारणहार कान्हा लला बने। सुरेशचंद्र वासुदेव बने दोनों की वेशभूषा ने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आचार्य श्री पांडेय ने बाल कान्हा को गोद में लेकर तिलक कर अभिनन्दन किया। इससे पूर्व दिलीप श्रीवास श्रीमती रामेश्वरी श्रीवास के पुत्र निकेश श्रीवास भगवान वामन बने। भगवान वामन के वेशभूषा में निकेश ने मनोहारी प्रस्तुति दी। सभी ने भगवान वामन की आरती कर आशीष लिया।

## मानव श्रृंखला, सायकल रैली, दिव्यांग रैली के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरूक



रैली निकालकर जागरुक करते कलेक्टर एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव के अंतर्गत कोरबा के मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करने स्वीप अन्तर्गत गतिविधियां जिला प्रशासन द्वारा निरंतर संचालित की जा रही है। इसी कड़ी में साइकल रैली, दिव्यांग रैली, नववधू सम्मेलन, मेहंदी, रंगोली एवं शपथ कार्यक्रम, कॉलेज/स्कूली छात्र-छात्राओं का मानव श्रृंखला, एनसीसी, एनएसएस एवं स्काउट गाइड द्वारा नुक्कड़ नाटक, फ्लैशमॉब कार्यक्रम के तहत कॉलेज के बच्चों द्वारा डांस आदि का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत सहित जिले सभी अधिकारियों की उपस्थिति में शहर के आम नागरिकों, युवाओं तथा विद्यार्थियों ने साइकल रैली सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल होकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान शहरवासियों में मतदान को लेकर उत्साह नजर आया। कलेक्टर एवं निगम आयुक्त ने शपथ दिलाकर सभी को 7 मई मतदान दिवस के दिन मतदान करने की अपील की। सीएसईबी ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि हमें संविधान से मतदान करने का अधिकार मिला है। हम अपने अधिकारों का प्रयोग करके जैसा समाज व सिस्टम चाहते हैं, देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाना चाहते हैं तो मतदान अवश्य करना चाहिए। भले ही चुनाव 5 साल में एक बार आता है लेकिन यह हम सभी के लिए बहुत महत्व रखता है। कलेक्टर ने कहा कि शहरी मतदाता भी इसे अपना अधिकार व कर्तव्य मानते हुए घर से बाहर निकलें और अपने पसंद का उम्मीदवार चुनें। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे अपने माता-पिता एवं घर परिवार के सदस्यों को मतदान के लिए प्रेरित करें। नगर निगम आयुक्त श्रीमती ममगाई ने कहा कि हम स्वयं मतदान करने के साथ ही घर के सभी मतदाताओं को भी जागरूक बनाएं और उन्हें वोट देने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान स्वीप अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। महिला संगठनों को बैच लगाकर सम्मानित भी किया गया। जिला प्रशासन द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से कलेक्टोरेट परिसर से सीएसईबी फुटबाल ग्राउंड तक सायकल रैली निकाली गई।

सायकल रैली में कलेक्टर अजीत वसंत, वनमण्डलाधिकारी कोरबा अरविंद पीएम, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, एसडीएम कोरबा श्रीकांत वर्मा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती रेणू प्रकाश, उप संचालक कृषि अजय अनंत, डीईओ टी. पी. उपाध्याय, सीएसपी रविन्द्र मीणा, प्राचार्य डॉ. साधना खरे, उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती सिनीवाली गोयल सहित जिला प्रशासन, पुलिस, वन विभाग, नगर पालिक निगम सहित शहर के युवाओं विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने अपनी भागीदारी दी।

### नववधुओं ने भी किया मतदान के लिए प्रेरित

महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से सीएसईबी फुटबाल ग्राउंड में नववधू सम्मेलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नववधूओं एवं महिलाओं, युवतियों द्वारा मेंहदी, रंगोली के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत बनाने, मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। हाथों में आकर्षक मेंहदी रचाकर और मतदाताओं को प्रेरित करने वाले रंगोली बनाये गये। स्वीप अंतर्गत मतदाताओं के मनोबल को बढ़ाने और उन्हें मतदान के लिए आगे आने का संदेश देने वाली आकर्षक रंगोली ने सबको आकर्षित किया। नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई ने सभी नववधुओं को मतदान के लिए शपथ दिलाते हुए अपने घर-परिवार के सदस्यों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की।

## पार्षद नरेंद्र ने मेधावी छात्राओं को किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलगी परियोजना के वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री और वॉर्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेधावी छात्र छात्राओं को पुरुस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया। श्री देवांगन ने बच्चों को बधाई दी। श्री देवांगन ने कहा कि विद्यार्थी नियमित रूप से उपस्थिति देकर शिक्षण कार्य करें, जिससे विद्यालय, परिवार व समाज के साथ जिले का भी का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि बचपन से ही शिक्षा की नींव मजबूत हो तो सफलता की उम्मीद दोगुनी हो जाती है। श्री देवांगन ने सरस्वती शिक्षण संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि कम फीस में आज अच्छी शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा देकर बच्चों को संस्कारवान बनाया जा रहा है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में डॉ.चंद्रम, प्राचार्य संत कुमार यादव, आचार्य नंद कुमार बरेठ, इंद्र कुमार जघेल, राम नारायण साहू, राम नाथ लहरे, रश्मि दिवेदी, द्रोपदी साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

## मुझे किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं, मैंने किया सक्रियता से काम : ज्योत्सना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा लोकसभा की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा कि मैं 5 साल से सांसद हूं और मैंने अपने संसदीय क्षेत्र में सक्रिय रहकर काम किया है इसके लिएमुझे किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं है जनता स्वयं सब जानती है। भाजपा उम्मीदवार सुश्री सरोज पांडेय यह बताएं कि कोरबा लोकसभा की पालक सांसद रहते हुए वे कब कोरबा आयीं और कोरबा के विकास के लिए क्या क्या किया। मेरे प्रयासों से ही कोरबा में मेडिकल कालेज, स्वामी आत्मानंद स्कूल, कालेज की सौगात मिली है। उन्होंने सुश्री सरोज पांडेय द्वारा दिए गए एक बयान को प्रत्येक महिला के लिए निंदनीय कहा है। ज्योत्सना महंत ने कहा है कि मेरे निर्णय स्वयं के रहते हैं, इसमें महंत जी का कोई हस्तक्षेप नहीं होता। हालांकि वे क्षेत्र के अनुभवी और बड़े जनप्रतिनिधि हैं, उनका मार्गदर्शन लेकर ही काम करती हूं और अपने पति से पूछ कर काम कर रही हूं तो इसमें टिप्पणी वाली कोई बात कैसे हुई। मैं तो अपने पति के कहने पर चल रही हूं लेकिन सरोज पाण्डेय बताएं कि वे किसके कहने पर चल रही हैं।

## सीएम की पत्नी ने सरोज के पक्ष में रामपुर की जनता से मांगा वोट



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार को कोरबा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पत्नी कौशल्या साय के साथ अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान रामपुर विधानसभा के पठियापाली में जनसभा में पहुंची जहां स्थानीय कार्यकर्ताओ ने सरोज पांडेय एवं कौशल्या साय का जमकर स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पत्नी कौशल्या साय रामपुर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय के पक्ष में प्रचार करने पहुंची, इस दौरान वह जनसभा में भी शामिल हुई। जनसभा में कौशल्या साय ने कहा कि कांग्रेस का कुशासन जनता को याद है, पूरे छत्तीसगढ़ को कांग्रेस ने अपराध का गढ़ बना दिया था, और पूरी कांग्रेस केवल और केवल भ्रष्टाचार में जुटी थी। उसका उदाहरण कोरबा में भी देखने को मिला जहाँ कांग्रेस सांसद ने चुपचाप अपनी उपस्थिति और सहमति में डीएमएफ फंड में घोटाले करवाये और इसमें शामिल दो कलेक्टर जेल की सजा काट रहे है। वह पूरा का पूरा पैसा जनता का था। इस घटना को लेकर जनता ऐसी जनप्रतिनिधि को माफ नहीं करेगी, उन्हें आने वाले 7 मई को जनता भाजपा में मतदान करके उनके इस बड़े भ्रष्टाचार को याद दिलाते हुए सबक सिखाएगी। मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या साय ने अपील करते हुए कहा कि रामपुर वासियों मैं सबसे हाथ जोड़कर विनय अभिनय करने आई हूं कि हमसबकी लाडली बहन सरोज पांडेय को रामपुर विधानसभा से झारा झारा वोट देकर जिताइये।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बालको के जंगल...

जहां उनके द्वारा अब इस मोथ (पतंगा) को लेकर वरिष्ठ अफसर को भी इसकी जानकारी दी गई है। बताया जाता है कि मोथ (पतंगा) की विशेषता क्या होती है इसी तरह बालको रेंज में ही विभिन्न प्रकार के तितलियों का भी बसेरा है। पहले ही तितलियों को लेकर वन विभाग कई तरह की तैयारी कर चुका है कि उनके कुनबे को किस तरह बढ़ाया जाए अब तितली के साथ मोथ (पतंगा) का मिलना वन विभाग के लिए अच्छी खबर है।

### मुआवजा नहीं...

प्रदान करने का निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया। तब कहीं जाकर देर शाम पीड़ित भूविस्थापित के खाते में मुआवजे की रकम जमा करवाई गई। दरअसल मनीराम भारती के बेटे की शादी तय हुई है, तारीख नजदीक आ गया है परंतु प्रबंधन के अधिकारी दस्तावेजी कार्यवाही को धीमी गति से चला रहे थे, ऐसे में उनका आक्रोशित होना लाजमी था। हालांकि दीपका महाप्रबंधक के संज्ञान लेने के बाद मामला शांत हुआ और मनीराम संतुष्ट दिखे। परंतु प्रबंधन को चाहिए कि मुआवजा प्रक्रिया में सरलता के साथ प्रभावितों की समस्याओं का निराकरण किया जाए जिससे ऐसी स्थिति दुबारा उत्पन्न ना हो।

### कोल इंडिया...

भी राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन का असली दावेदार बताते हुए कोर्ट में याचिका दायर की थी। बताया गया है कि दिल्ली हाईकोर्ट में इंटक विवाद से जुड़े मामलों के लंबित होने को लेकर सीआईएल की अन्य समितियों में इंटक को स्थान नहीं मिल पा रहा है।

### होम वोटिंग...

भारत निर्वाचन आयोग के इस कारगार व्यवस्था के कारण कठिन स्थिति में भी आज उन्हें अपने मत देने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की यह सुविधा उनके जैसे अनेक चलने-फिरने में असमर्थ बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं का मताधिकार का प्रयोग कराने के लिए अत्यंत फायदेमंद साबित होगा। इस हेतु सभी बुजुर्ग मतदाताओं ने भारत निर्वाचन आयोग के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही आमजनों से मतदान दिवस को मत देकर राष्ट्र को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी निभाने का आग्रह किया।

### देश में यह...

जयसिंह अग्रवाल, मोहन मरकाम, रामपुर विधायक फूलसिंग राठिया, कांग्रेस प्रवक्ता सुरेन्द्र जायसवाल, नोबल वर्मा, पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, चेन सिंह सामले, महापौर कोरबा, बिलासपुर से अशोक अग्रवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राधेभूत, अखिलेश चन्द्र प्रदीप बाजपेयी सहित बड़ी संख्या में जन समुदाय मौजूद था।

### एमएसपी की गारंटी ...

बाद भी मांगे पूरी नहीं हुई, इसे क्या मानते हैं कि किसानों के छल हुआ है के सवाल पर उन्होंने कहा कि किसान जो है वह आक्रोशित हैं। पहले 3 काले कानून बनाने वालों ने इसे विड्रोल किया और इस दौरान उन्होंने वादा किया था कि एमएसपी पर कानून बनेगा पर बाद में धोखा दे दिया। कांग्रेस ने अपने मेनेफेस्टो में लिखा है कि हम फसल खरीदने का कानून बनाएंगे। संभावतः देश में पहली बार किसी दल ने ऐसा कमिटमेंट किया है। यही वजह है कि पूरे देश की जनता और किसान कांग्रेस की ओर देख रही है। चिरमिरी में आयोजित बागेश्वर सरकार (धीरेन्द्र शास्त्री) के कार्यक्रम का भगवाकरण और भाजपा केवल बाबाओं की तरफ देख रही है के सवाल पर श्री पायलट ने कहा कि हर व्यक्ति को अधिकार है कि वह किसी का भी प्रचार कर सकता है। मैं चाहता हूं जो प्रचार हो भाषण हो उसका केन्द्र बिंदु शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान, उद्योग, निवेश और रोजगार होना चाहिए ना कि मंगलसूत्र और मंदिर, मस्जिद। भाजपा इस पर चर्चा कर केवल जनता का ध्यान डायवर्ट करना चाहती।

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार पिता अम्बिका प्रसाद जाति कलार निवासी ग्राम लक्ष्मण नगर मनगांव तहसील दीपका द्वारा ग्राम मनगांव तहसील दीपका में स्थित अपनी माता शकुंतला बाई पति अम्बिका प्रसाद की स्वामित्व की मकान जो कि एस.ई.सी.एल गेवरा क्षेत्र के अर्जन किया है। आवेदक की माता शकुंतला बाई की मृत्यु हो जाने से फौती नामांतरण दर्ज कर उक्त मकान के मुआवजा राशि व अन्य लाभ उसके वारिसानों को प्रदाय किये जाने बाबत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 10/05/2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 24/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका जिला-कोरबा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### वाहनों के आवागमन में होगी सुविधा सड़क का निर्माण कार्य हुआ शुरू

**हरदीबाजार।** 17 करोड़ की लागत से 5 किमी सड़क नव निर्माण के कार्य का भूमिपूजन 24 जनवरी को कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल व दीपका महाप्रबंधक अमित कुमार सक्सेना दोनों ने किया था। तब महाप्रबंधक ने कहा था कि सड़क अच्छी बनेगी, वहीं कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल कहा था कि गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। वहीं ठेकेदार ने 180 दिन में सड़क बनाने की बात कही थी, जो समय सीमा जुलाई तक पूर्ण कर ली जाएगी। जहां तक सड़क ठेकेदार ने अभी तक कार्य किया है उससे लगता है कि सड़क इस बार मजबूती से बन रही है। मर्ग ने बनने से लोग मजबूरी में 5 किमी दूरी को छोड़ 15 किमी का सफर कर दीपका पहुंचते थे। ऐसे में ठेका कामगारों को, एसईसीएल कर्मचारियों को साथ ही हरदीबाजार महाविद्यालय आने वाले छात्रों को बड़ी समस्या झेलकर आना-जाना होता था। इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों व समाजिक संगठनों ने भी अपनी महती भूमिका निभाई। अमंगाव चौक से दीपका-गेवरा खदान के मध्य तक डामरीकरण का कार्य चल रहा है। सड़क में कोयला लोड़ भारी वाहनों व यात्री बस, चार पहिया वाहन, बाईक सवारों के सुगम अवागमन के लिए दोनों के मध्य डिवाइडर बनना बहुत जरूरी है अन्यथा भविष्य में दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता। उम्मीद है बारिश से पूर्व सड़क पूरी तरह बन कर तैयार हो जायेगी। जिससे लोगों को इस मार्ग से आने-जाने वाले सुविधा होगी।

### रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने खड़ी हो रही वाहनें

**कोरबा।** रेलवे स्टेशन के नो-पार्किंग में दो पहिया व चार पहिया वाहन खड़ी हो रही है। गाड़ियां मुख्य द्वार के सामने खड़ी होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। ऑटो व गाड़ियों से स्टेशन के अंदर जाने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। इसके बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दरअसल रेलवे स्टेशन में इन दिनों कायाकल्य का काम शुरू हो गया है। ऐसे में गाड़ियों को यात्री के परिजन मुख्य द्वार के सामने खड़ी कर रहे हैं। स्टेशन के छूटने के इंतजार करते रहते हैं। इससे सडक़ भी संकरा हो रहा है। इससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। यात्रियों को आवाजाही में काफी असुविधा हो रही है।

### एसईसीएल में मनाया गया विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस



**कोरबा।** एसईसीएल क्षेत्रीय मुख्यालय कोरबा क्षेत्र में कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस के अवसर पर डॉ.आरके गुप्ता, महाप्रबंधक (संचालन), एसईसी एल कोरबा क्षेत्र द्वारा सुरक्षा ध्वज फहराया गया। इसके उपरांत कोल इंडिया के कोरपोरेट गीत का समवेत स्वर में गायन किया गया एवं कोल इंडिया के चेयरमैन का संदेश को सुनाया गया। इस अवसर पर समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी कर्मचारियों को सुरक्षा बैज लगाया गया। महाप्रबंधक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि कोल इंडिया में कोयला उत्पादन का कार्य चुनौती पूर्ण है, जहां प्रति दिन शून्य दुर्घटना का लक्ष्य के साथ उत्पादन करते है सुरक्षा के लिए हमेशा सतर्क रहना पड़ता है। आज का उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है जिससे की प्रत्येक कर्मचारी अपने सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति सजग हो सके। मानिकपुर कोरबा क्षेत्र के कामगारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा कामगारों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सभी खानों में सुरक्षा धवज फहराया गया एवम सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति शपथ ली गई। क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी इस्माईल कुरेशी द्वारा भी सभा को संबोधित किया गया तथा इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया।

### आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**कोरबा।** लेमरू थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत सतरंगा क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक ग्रामीण की मौत हो गई। मृत का नाम मोनू मंझवार पिता चैतराम मंझवार उम्र 16 वर्ष सतरंगा पंडोपारा निवासी है। मृत के परिजनों का कहना है कि वह अपने दोस्तों के साथ सतरंगा डुबान में नहाने गया था। इसी बीच आकाशीय बिजली गिरी और वह झुलस गया। सतरेगा सरपंच ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। आरक्षक सुरेंद्रपाल कंवर एवं चालक सत्येंद्र सिंह गेंदले ने उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया। जहां परीक्षण उपरांत चिकित्सकों ने युवक को मौत घोषित कर दिया।

### स्नेक कैचर ने पुलिस के आला अधिकारियों को दी थी सूचना

# नरकंकाल मिलने की सूचना, पैदल पहाड़ पर पहुंची पुलिस, निकला बंदर का कंकाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिना सोचे समझे यदि पुलिस के अफसर को नरकंकाल मिलने की सूचना दी जाए और जब पुलिस घंटों परेशान होकर पैदल पहाड़ों को भेदकर घटनास्थल पहुंचे और कंकाल मानव की नहीं बल्कि बंदर की निकले तो ऐसे में फिर क्या कहें। जिले में कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है जहां बालको पुलिस दिनभर परेशान रही और नरकंकाल तो नहीं मिली लेकिन जांच के दौरान बंदर का कंकाल जरूर पाया गया।

**खास बात**

- बालको थाना क्षेत्र के बेला जंगल का मामला

मामला बालको जंगल के पहाड़ी की है। बताया जाता है कि एक दिन पहले ही किसी स्नेक कैचर ने पुलिस के आला अफसरों को मोबाइल पर सूचना दी थी कि बेला पहाड़ियों में एक नरकंकाल व चाकू भी मिला है जो मानव का है। ऐसी सूचना पाते ही पुलिस के आला अधिकारी भी सकते में आ गए और रविवार को बालको थाना प्रभारी अभिनव कांत, वैज्ञानिक अधिकारी सत्यजीत सिंह सहित पुलिस के अन्य कर्मचारी घंटों पैदल चलकर पहाड़ियों से होते हुए घटनास्थल पहुंचे जब वैज्ञानिक अधिकारी व पुलिस के अफसर ने मामले की बारीकी से जांच की तो वह नरकंकाल नहीं बल्कि बंदर का कंकाल निकला। इस सूचना से पुलिस के अधिकारी घंटों परेशान जरूर हुए लेकिन सूचना देने वाले ऐसे लोगों को सावधान रहना चाहिए कि पहले पूरी तरह से तस्दीक कर लें इसके बाद ही पुलिस के अफसर को सूचना देनी चाहिए अन्यथा पुलिस ऐसे ही कई बार बेवजह परेशान होती है। इस भीषण गर्मी में जहां घंटों पैदल चलकर घटनास्थल पहुंचना पड़े और मामला बेवजह हो तो फिर सूचना देने वाले को घोषणा लाजमी है।



नरकंकाल खोजते पुलिस कर्मी व अन्य।

### 50 वर्षीय अधेड़ महिला की मिली लाश



रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पतरापाली निवासी समरिया बाई 50 वर्ष पति सोनराम धनवार की लाश गांव के समीप स्थित महादेव झरिया जंगल में मिली है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस के अधिकारी व वैज्ञानिक अधिकारी डॉ सत्यजीत सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। जहां पुलिस के अधिकारियों ने मामले की बारीकी से जांच की है। बताया जाता है कि लाश लगभग 2 से 3 दिन पुरानी है। जिसकी वजह से पुलिसिया जांच में परेशानी आई। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि मृतिका समरिया बाई की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है जिसके बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## पति -पत्नी के बीच विवाद, धारदार हथियार से की पत्नी की हत्या



मृत महिला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और देखते ही देखते बात इतनी बिगड़ गई कि घर में रखे किसी धारदार हथियार से पति ने अपनी पत्नी पर वार कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या की सूचना मिलते ही दीपका पुलिस की टीम फौरन मौके पर पहुंची और हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले पति को गिरफ्तार कर लिया है।

**खास बात**

- दीपका थाना क्षेत्र के झाबर राजीवनगर में हुई वारदात

जानकारी के अनुसार दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत झाबर राजीव नगर निवासी फुल साय भगत रोजी मजदूरी का काम करता है। बताया जाता है कि रविवार की दोपहर 12 से 4 बजे के बीच पति-पत्नी फुल साय और गलोरिया बाई के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और विवाद देखते-देखते इतना बढ़ गया कि आक्रोश में आकर फूल साय भगत ने अपनी 40 वर्षीय पत्नी गलोरिया बाई की धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या की सूचना मिलते ही दीपका थाना प्रभारी युवराज तिवारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और फौरन हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले फूल साय भगत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस फिलहाल फूल साय को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ कर रही कि आखिर उसने अपनी पत्नी की हत्या किसलिए और क्यों की है। सूत्र बताते हैं कि फूल साय की पत्नी विगत दिनों कहीं चली गई थी और उसके वापस आने के बाद उनके मध्य विवाद चला आ रहा था।

# ब्लाक मुख्यालय के बस स्टैंड आइना दिखा रहे औद्योगिक शहर के बस स्टैंड को



कटघोरा बस स्टैंड।



टीपी नगर स्थित नया बस स्टैंड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यात्री सुविधाओं के लिए जिले का एकमात्र बस स्टेंड ऐसा है जिसका स्वरुप देखने में किसी बड़े शहर के बस स्टेंड जैसा प्रतीत होता है। कटघोरा बस स्टेंड ऐसा ही एक बस स्टेंड है जो यात्री सुविधाओं की तुलना में शहर के टीपी नगर बस स्टेंड को आईना दिखा रहा है। कटघोरा बस स्टेंड मे जहां यात्रियों के ठहरने के लिए एक अच्छी सुविधा दी गई है वहीं दूसरी ओर ऊर्जाधानी के नए बस स्टेंड में मवेशी मंडराते हैं।

**खास बात**

- कटघोरा बस स्टैंड में यात्रियों को बैठने की बेहतर सुविधा, शहर के बस स्टैंड मे मवेशी मंडराते हैं

नगर पालिका परिषद कटघोरा जिसकी राजस्व आय नगर पालिक निगम कोरबा की राजस्व आय के सामने कुछ भी नहीं है। एक समय था जब कटघोरा नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों को वेतन के लिए मुश्किल का सामना करना पड़ता था। आज नगर पालिका का बस स्टेंड कोरबा नगर निगम के नए बस स्टेंड को सुविधाओं के मामले में आईना दिखा रहा है। कटघोरा बस स्टेंड को जिस तरह से नगर पालिका परिषद ने संवारते हुए यात्रियों के बैठने के लिए सुविधाएं दी है उसकी तुलना में सर्वाधिक राजस्व आय वाले नगर निगम कोरबा का नया बस स्टेंड कहीं नहीं टिकता। यहां यात्रियों के बैठने के लिए सीमेंट के दो तीन फर्स हैं और इतनी ही संख्या में कुर्सियां। स्थिति यह है कि बस स्टेंड भवन के अंदर मवेशी और यात्री एक साथ नजर आते हैं। वहीं कटघोरा स्टेंड भवन के बाहर स्टील की रेलिंग लगी हुई है। जिससे मवेशी प्रवेश नहीं कर पाते। यात्री सुविधाओं को लेकर नए बस स्टेंड को दरकार बनी हुई है। जबकि सर्वाधिक यात्री बसें यहीं से संचालित होते हैं और वह भी जिला मुख्यालय का बस स्टेंड है। जिसे देखने में कस्बाई बस स्टेंड जैसा प्रतीत होता है।

**जनप्रतिनिधियों की उदासीनता**

बस स्टेंड को सर्वसुविधायुक्त बनाने के मामले में जिस तरह की रुचि शहर के जनप्रतिनिधियों को दिखानी चाहिए वैसी नजर नहीं आती। स्थिति यह है कि निगम की सामान्य सभा की बैठक में शहर के चहुंमुखी विकास पर चर्चाएं होती हैं। बजट में प्रस्ताव पारित कर बड़े रकम का प्रस्ताव भी रखा जाता है किंतु उसके बावजूद टीपी नगर नए बस स्टेंड में सुविधाएं नहीं बढ़ी। रैन बसेरा में भी ताला ही नजर आता है।

# महिला की हत्या के मामले में संदेही आरक्षक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो दिनों पूर्व एक 38 वर्षीय महिला की जंगल में लाश मिली थी। इस मामले में पुलिस ने संदेही एक आरक्षक व भांजे के खिलाफ नामजद धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। हालांकि आरक्षक हादसे का शिकार हो गया है तथा जीवन और मृत्यु के बीच झूल रहा है।

**खास बातें**

- दो बार सड़क हादसे का शिकार हुआ आरक्षक, बिलासपुर के निजी अस्पताल में झूल रहा है जिंदगी और मौत के बीच
- चैतमा चौकी क्षेत्र के भंवर तालाब के पास मिली थी लाश

उल्लेखनीय है कि चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले भंवर तालाब के घुनघुट्टीपारा के समीप 25 अप्रैल को एक 38 वर्षीय महिला की लाश मिली थी। जिसकी शिनाख्त बांकीमोगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शांतिनगर निवासी एसईसीएल कर्मी भोजराम रात्रे की पत्नी शकुंतला रात्रे के रूप में की गई थी। चैतमा चौकी प्रभारी चंद्रपाल खांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में पुलिस ने संदेही बिलासपुर निवासी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मुकेश सेकेण्ड बटालियन में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। बताया जाता है कि 25 अप्रैल की रात लगभग 9 बजे वह अपने बलेनो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीई 0329 में सवार होकर बिलासपुर की ओर जा रहा था कि वह लिमहा टोल प्लाजा के पहले हादसे का शिकार हो गया था जिसके बाद उसे स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया था और अस्पताल से छूटने के बाद वह फिर से अगले दिन वह आत्महत्या की नीयत से किसी वाहन के सामने आ गया था जिसे गंभीरावस्था में वेंटीलेटर में रखा गया है। चैतमा चौकी पुलिस की टीम मामले में मुकेश कुर्रे का बयान लेने पहुंची थी लेकिन वेंटीलेटर में होने की वजह से उसका बयान कलमबद्ध नहीं हो पाया है। हालांकि पुलिस ने मुकेश कुर्रे के खिलाफ संदेही के रुप में नामजद अपराध दर्ज किया है। बताया जाता है कि मुकेश भी शादीशुदा है। पुलिसिया जांच के बाद ही मामले से पर्दा उठ सकेगा कि इस पूरे मामले का भेद क्या है।



आरक्षक की दुर्घटनाग्रस्त कार।

# स्वीप गतिविधियों के प्रतिभागियों को कलेक्टर ने किया पुरस्कृत



प्रतिभागी को पुरस्कृत करते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में जिले में स्वीप की गतिविधियां लगातार आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अदिति जांगड़े, धनेश्वरी राजवाड़े, सुषमा बंजारे, अंशु, मीनू सिदार द्वारा तैयार किए गए आकर्षक पोस्टर को पुरस्कृत किया गया। मतदाता जागरूकता रैली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर खुशी रजक व द्वितीय प्रिया रजक, मानव श्रृंखला प्रतियोगिता में प्रथम मनीषा पटेल, गरिमा व उजाला, द्वितीय आस्था कुमारी, लक्ष्मी चौहान व कलशी, प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता में प्रथम विवेक पाटनवार भूमिका कंवर, पीयूष मझवार, लोकेश पटेल, लक्ष्मी पटेल, द्वितीय किशन यादव वर्षा पटेल, गणेश कुमार, लकेश्वरी दिवाकर व इंदुप्रभा, रंगोली प्रतियोगिता में सोनिया मंझवार, सुनीता यादव मिष्ठी पटेल, रीना रजक, मुस्कान, मनीषा जायसवाल व नीलम प्रथम, रागिनी कोशले, कृन्या महंत, अंशिका साहू, सुरभि पटेल, मंदाकिनी व तुषार साहू, जया निषाद द्वितीय, चित्रकला/पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता प्रथम साक्षी रात्रे, भागवत राजवाड़े, विभुती कुंभकार, योगेन्द्र यादव, अंकिता थवाईत, आरती मंझवार, रोशनी दिवाकर, सुहानी महंत, अस्वनी कुमारी, सुधा कश्यप, द्वितीय प्रिया बंजारे कुसमिता यादव, प्रांजल पटेल, कपिल साहू, सूरज, सोनिया, प्रीति कंवर, चेतन साहू, अंजली कुमारी सुरभि पटेल, वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम तृप्ति रात्रे, साहीन बेगम, नेहा कंवर, संजना, अखिल दास, द्वितीय मुस्कान, द्रौपती धनवार, मानषी वैष्णव, नीलेश, भूमिका, नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में प्रथम भूमिका, कृतिका, सौम्या, ओमी, प्राची, हर्ष, नितिन, रिषु, शिवांगी, अक्षापरवीन, ओजस्वीन वस्त्रकार, प्रबलीन, अदिति, द्वितीय करूणा साहू, प्रियंका, खुशी पटेल, वांशिका, तान्या बघेल, एकता राठौर, साक्षी, अर्पिता, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम श्रेया राजवाड़े, ओजस्वनी वस्त्रकार, सोनिया पटेल, लवली सोनी, द्वितीयराहूल राजवाड़े, यश महंत, सत्रुपा कुर्रे माहनीश को पुरस्कृत किया गया।

# हसदेव नदी में पलटी नाव एक की डूबने से हुई मौत

**कोरबा।** आंधी-तूफान की वजह से हसदेव नदी में नाव पलटने से सवार एक युवक की डूबने से मौत हो गई, वहीं दूसरा युवक किसी तरह से तैरकर तट पर पहुंच गया। बालको थाना पुलिस घटना की जांच कर रही है। मामला बालको थाना अंतर्गत बांगो के डूबान इलाके डांगाघाट की है। जहां 32 वर्षीय कृपाल राम गांडा अपने दोस्त के साथ नाव में मछली लेकर हसदेव नदी पार कर रहा था। इस दौरान बीच में आंधी-तूफान की वजह से नाव पलट गई। दोनों दोस्त तैरकर बाहर निकलने का प्रयास करने लगे। रास्ते में कृपाल राम की सांस फूलने लगी। जिस पर उसके दोस्त ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया लेकिन कृपाल राम तैर नहीं पाया और उसकी नदी में डूबने से मौत हो गई। दूसरे युवक ने नदी से बाहर निकलने के बाद पुलिस को घटनाक्रम की जानकारी दी, जिसके बाद बालको पुलिस मामले की जांच कर रही है।







